③

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

## मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कक्षाः– | 10 वीं | **Class** | **10th** |
| विषयः– | हिन्दी विशिष्ट | **Subject:-** | **Hindi Special** |
| समयः– | 3 घण्टे | **Time:-** | **3 Hours** |
| पूर्णांकः– | 100 | **Maximum Marks :-** | **100** |

---

निर्देशः–
1. सभी प्रश्न हल कीजिये ।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक के प्रश्नोत्तर पर 2 अंक एवं शब्द सीमा 30 शब्द निर्धारित है ।
3. प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक के प्रश्नोत्तर पर 3 अंक एवं शब्द सीमा 50 शब्द निर्धारित है ।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के प्रश्नोत्तर पर 4 अंक एवं शब्द सीमा 75 शब्द निर्धारित है ।
5. प्रश्न कमांक 26 से 29 तक के प्रश्नोत्तर पर 5 अंक एवं शब्द सीमा 100–125 शब्द निर्धारित है ।
6. प्रश्न क्रमांक 30 निबंधात्मक है, इसमें 10 अंक एवं शब्द सीमा 250–300 शब्द निर्धारित है ।

प्रश्न 1– रूपक अलंकार का उदाहरण दीजिए । (2)

प्रश्न 2– भू–मण्डल का भार किसके कंधों पर है ? (2)

प्रश्न 3– निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए ? (2)
(i) जहां पहुँचा न जा सके ।
(ii) जिसके आने की निश्चित तिथि न हो ।

प्रश्न 4– पृथ्वी एवं सागर शब्द के दो–दो पर्यायवाची रूप लिखिए । (2)

प्रश्न 5– महाकाव्य के दो लक्षण लिखिए । (2)

प्रश्न 6– वीरगाथा काल की दो विशेषताएँ बताइए । (2)

प्रश्न 7– स्थायी भाव व संचारी भाव में दो अन्तर बताइए । (2)

प्रश्न 8— कृष्ण और सुदामा के गुरू कौन थे ? (2)

प्रश्न 9— (i) राम और सीता वन जा रहीं हैं । इस वाक्य को शुद्ध कीजिए । (2)
(ii) ''राम फल खा रहा है'' इसे निषेध वाचक वाक्य में बदलिए ।

प्रश्न 10— गीतिका छंद का उदाहरण लिखिए । (2)

प्रश्न 11— निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए — (2)
(i) बहती गंगा में हाथ धोना ।
(ii) डूबते को तिनके का सहारा ।

प्रश्न 12— उत्साह और साहस में क्या अंतर है ? (3)

प्रश्न 13— पल—पल परिवर्तित प्रकृति—वेश से पंतजी का क्या आश्य है ? (3)

प्रश्न 14— केकी रव कब सुनाई देता है ? और क्यों ? (3)

प्रश्न 15— नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय कौन थे ? उन्हें यह पुरस्कार क्यों दिया गया था ? (3)

प्रश्न 16— उत्तर दिशा का ज्ञान कैसे किया जाता है ? (3)

प्रश्न 17— सरल, मिश्र एवं संयुक्त वाक्य को परिभाषित कीजिए ? (3)

प्रश्न 18— पंडवानी की कितनी शैलियाँ है ? कपालिक शैली की गायिका कौन है ?(3)

अथवा

गुरू घासीदास जी के पाँच संदेश कौन—कौन से हैं ?

प्रश्न 19— बालक राम की वेशभूषा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । (3)

प्रश्न 20— डाँ सुराना को वापस विदेश क्यों जाना पड़ा ? खुराना जी की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए । (4)

प्रश्न 21— रहस्यवाद का अर्थ समझाइए । कबीर की साखी एवं पद के आधार पर कबीर के रहस्यवाद पर प्रकाश डालिए । (4)

अथवा

कृष्ण भक्ति शाखा की दो विशेषताएँ तथा चार रचनाकारों के नाम लिखिए ।

प्रश्न 22— गाँधीजी के प्रमुख सिद्धांत कौन—कौन से थे ? समझाइए (4)

प्रश्न 23— उल्लाला छन्द के लक्षण बताकर एक उदाहरण दीजिए । (4)

प्रश्न 24— आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा डॉ रामकुमार वर्मा का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए — (4)

1. रचनाएँ (कोई दो) 2. भाषा—शैली

प्रश्न 25— सुमित्रानन्दन पंथ अथवा सूरदास का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए — (4)

1. रचनाएँ (कोई दो) 2. भावपक्ष—कलापक्ष

प्रश्न 26— निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — (5)

मैं तृण से ताड़ बनाता हूँ, तिल से पहाड़, नगर को ढो सकने वाले जहाजों से लेकर सुई तक, कोई महान और अदनी चीज नहीं, जो मेरे स्पर्श के जादू से जीवन धारण न कर लेती हो । पर यह सब कुछ मेरे लिए क्यों नहीं ? मैं इनमें से तिनका तक भी नहीं ले पाता । मैं भूखा और नंगा हूँ, पर क्या ये मिलें, जिनमें मैं खाने—पहनने का सामान तैयार कर रहा हूँ, मेरा पेट नहीं भर सकती, तन नहीं ढक सकती ?

अथवा

तुम भी उसी आँधी में लड़खड़ाकर गिरोगी । तुम्हारे ये सारे नूपुर निखर जायेंगे । न जाने किस हवा का झोंका तुम्हारे इन गीतों की लहर को निगल जायेगा । चित्तौड़ राग—रंग की भूमि नहीं है जौहर की भूमि है ।

प्रश्न 27— निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — (5)

सौरभ भीना झीना गीला,
    लिपटा मृदु अंजन सा दुकूल ।
चल अंचल से झर—झर झरते,
    पथ में जुगनू के स्वर्ण—फूल ।
दीपक से देता बार—बार,
    तेरा उज्ज्वल चितवन—बिलास ।

अथवा

जसुदा कहँू लौं कीजे कानि ।
दिन प्रति कैसे ही परति है, दूध दही की हानि ।
अपने या बालक की करनी, जौ तुम देखौ आनि ।
गोरस खाइ, खवाबै लरिकनि, भाजत भाजन भानि ।

प्रश्न 28— इस गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (5)

माँ की ममता और आँचल के अनुराग से कौन वाकिफ नहीं है ? इस पूरी दुनिया को यदि एक मंदिर माने तो निश्चय ही माँ उसमें प्रतिस्थापित ईश्वर की प्रतिमूर्ति है और यही कारण है कि दुनिया में आने वाला मानव—जीवन में सबसे पहले माँ शब्द से ही परिचित होता है । सबसे पहले माँ के आँचल को पहचानता है । माँ जननी है, निर्माणकर्ता है, इसलिए भगवान की प्रतिमूर्ति है ।

प्र. 1— गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।
प्र. 2— उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ।
प्र. 3— मानव सबसे पहले किसे पहचानता है ?

प्रश्न 29— शा.उ.मा. विद्यालय कांकेर के प्राचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए । (5)

अथवा

नगर में चोरी की घटनाओं में रोकथाम हेतु जिलाधीश दुर्ग को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 30— निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए — (10)

1. पुस्तकों का महत्व
2. ऊर्जा संरक्षण
3. विद्यार्थी और अनुशासन
4. वर्तमान शिक्षा प्रणाली

--------X--------